भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

Azadi Ka Amrit Mahotsav

G20 भारत 2023 INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 13.06.2023

रोजगार मेला में आरेडिका के 55 लोगों को मिला नियुक्ति पत्र

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 13.06.2023 को सरकार के विभिन्न विभागों में 70 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गये। इनमें आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली के लिए 55 लोगों को भी नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये हैं। इन 55 लोगों में 48 लोगों को लेवल–1 में तथा 2 लोगों लेवल–5 में वरिष्ठ लिपिक एवं 5 लोगों को लेवल–5 में एकाउण्ट विभाग हेतु नियुक्ति पत्र प्रदान किए गये।

माननीय प्रधानमंत्री ने नियुक्ति पाने वाले लोगों को बहुउपयोगी सुझाव देते हुए कहा कि आप रेलवे, शिक्षा, बैंकिंग आदि क्षेत्रों से जुड़कर इस अमृतकाल में देश के विकास में अपना योगदान देगें। हमें यह बात हमेशा ध्यान में रखनी चाहिए कि हम आगे आने वाले 25 सालों में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में काम करेंगे। भारत के वर्तमान के साथ–साथ हम इसके भविष्य को भी उज्ज्वल बनाने के प्रयास करेंगे। मुद्रा योजना, स्टार्ट–अप योजना एवं स्टैण्ड–अप जैसी योजनाओं के माध्यम से युवाओं को अधिक सामर्थ्य मिला है। देश की विभिन्न भर्ती संस्थाएँ परीक्षा प्रक्रिया को पारदर्शी ,व्यवस्थित एवं सरल बनाने की दिशा में लगातार काम कर रहीं हैं। जिससे नियोजन प्रक्रिया में समय की बचत हो रही है।

आरेडिका के जनसंपर्क विभाग द्वारा माननीय प्रधानमंत्री जी के सम्बोधन का लाइव टेलीकास्ट दिखाया गया एवं माननीय प्रधानमंत्री जी के बहुपयोगी सुझावों से प्रेरणा ग्रहण कर अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया।

आरेडिका के महाप्रबंधक श्री पी. के. मिश्रा ने सभी नियुक्ति पाने वाले युवाओं को बधाई दी एवं प्रधानमंत्री जी के संदेश को अपने जीवन में अपनाने सलाह दी।

13.6.2023

(आर. एन. तिवारी)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी